NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

# गुजरात से टच राजस्थान के इस जिले से नकली नोट की खेप बरामद, पुलिस नाकाबंदी में पकड़े गए आरोपी




**जालोर:** गुजरात राज्य से सटे हुए राजस्थान के जालोर जिले की बागोड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां पुलिस ने करीब पौने चार लाख रुपए नकली नोट बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जालोर एसपी ज्ञानचन्द्र यादव ने बताया कि बागोड़ा थानाधिकारी हुकमाराम के नेतृत्व में 24 मई 2025 को थाना हल्का क्षेत्र में नाकाबंदी की गई थी।

500 रूपये के 135 नकली नोट बरामद

इस दौरान सरहद तिलोडा बाईपास रोड पर एक मोटरसाइकिल पर जा रहे देताकला (सायला) निवासी हितेश कुमार पुत्र द्वारका प्रसाद और जेसावास (बागोड़ा) निवासी दिनेश कुमार पुत्र हडमताराम मेघवाल के कब्जे से कुल 3 लाख 67 हजार 500 रूपये भारतीय जाली मुद्रा (नकली नोट) बरामद किया गया। साथ ही नियमानुसार कार्यवाही की गई।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/rajasthan/jalore/two-arrested-with-counterfeit-notes-worth-nearly-four-lakhs-in-jalore-rajasthan-one-accused-has-been-jailed-before/articleshow/121397640.cms